# पर्वतीय कृषि दर्पण
# ICAR-VPKAS
## Newsletter
(An ISO 9001 : 2015 Certified Institute)

**Volume 22, No. 1** **January-June, 2018**


## From the Director's Desk



Hill occupies one of the most fragile mountain eco-system, which is undergoing rapid phase of degradation resulting in decreasing soil fertility, untimely high intensity of rainfall, soil degradation *etc.* Keeping in mind the present need of the farmers, ICAR-VPKAS is working on the aspect of enhancing the productivity and ecological sustainability of hill agriculture through niche- based diversification.

*Tuta absoluta* is one of the serious pests of tomato causing extensive damage. It was noticed in tomato grown under polyhouses in Bhagartola village of Almora. Polyhouses where tomato was grown were surveyed and pest incidences of about 5-10% were noticed. The farmers of the area were made aware about the identification of the pest and the potential damage. Infested polyhouses were sprayed with the insecticide, chlorantraniliprole @ 0.3 ml/l.

The institute also conducted an awareness programme and scientist – state agriculture officials meet at Almora campus exclusively on *T. absoluta*. Survey was also conducted by the KVKs at Bageshwar and Uttarkashi districts. Both the KVKs are conducting awareness meetings during their routine visits and apprising the state functionaries. The institute and KVK staff also made significant contributions in human resource development and improving quality of life in general. The newsletter briefs the achievements and other activities of the institute during last six months. Any suggestion to improve the quality of output/service is welcome.

**(Arunava Pattanayak)**

## निदेशक की कलम से .....

पर्वतीय पारिस्थितिकी में पहाड़ सबसे कमजोर होते है जिसमें तीव्र अवनतन होता है परिणामस्वरूप मृदा की उर्वरकता में कमी, बेमौसम अत्यधिक वर्षा एवं मृदा का विकृतीकरण आदि सामने आते हैं। किसानों की वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भाकृअनुप– विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान उत्कृष्ट विविधीकरण के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्रों की कृषि उत्पादकता में वृद्धि एवं टिकाऊ पारिस्थितिकी के लिए विभिन्न पहुलुओं पर कार्य कर रहा है।

ट्यूटा एब्सल्यूटा, टमाटर का एक घातक कीट है जो इसकी फसल को अत्यधिक क्षति पहुँचाता है। अल्मोड़ा जनपद के भगरतोला गाँव के पॉलीहाउसों में उगाए गए टमाटर में इस कीट का प्रकोप देखा गया। जिन पॉलीहाउसों में टमाटर उगाया गया था उनका सर्वेक्षण करने पर देखा गया कि इस कीट का लगभग 5 से 10 प्रतिशत तक प्रकोप हुआ है। इस क्षेत्र में किसानों को इस कीट को पहचानने एवं इससे होने वाली क्षति की जानकारी दी गयी। संक्रमित पॉलीहाउसों में 0.3 मिलीली. प्रति लीटर की दर से क्लोरेन्ट्रानीलिपोर कीटनाशी का छिड़काव किया गया। संस्थान द्वारा अल्मोड़ा परिसर में टी.एबसल्यूटा पर जागरूकता कार्यक्रम एवं वैज्ञानिक एवं राज्य सरकार के कार्मिकों के बीच वार्ता आयोजित की गयी। बागेश्वर एवं उत्तरकाशी जनपदों में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी सर्वेक्षण कराया गया। संस्थान के दोनों कृषि विज्ञान केन्द्र अपने नियमित भ्रमणों में जागरूकता बैठके संचालित कर रहे हैं तथा राज्य सरकार के कार्यकर्ताओं को इस कीट के बारे में जानकारी दे रहे हैं। संस्थान एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के कार्मिक मानव संसाधन विकास तथा जीवन स्तर में सुधार एवं गुणवत्ता लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस संस्करण में पिछले छह महीनों में संस्थान की गतिविधियों का एक संक्षिप्त चित्रण प्रस्तुत किया गया हैं। संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता में सुधार के लिए सुझावों का स्वागत है।

**(अरूणव पट्टनायक)**

## Research Highlights

### Varieties Identified

#### Identification of VL Sweet Corn Hybrid 2 and Vivek Maize Hybrid 57

Cultivation of sweet corn as a commercial crop is fast becoming popular among the farmers owing to its shorter duration and

## मुख्य शोध अंश

### पहचानी गयी प्रजातियां

#### वी.एल. स्वीट कॉर्न हाइब्रिड 2 व विवेक संकर मक्का 57 की विमोचन हेतु पहचान

कम अवधि में तैयार होने व इससे अधिक लाभ प्राप्त होने के कारण स्वीटकॉर्न तेजी से कृषकों के बीच एक व्यावसायिक फसल के रूप में लोकप्रिय हो रहा


भाकृअनुप–विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा–263601 (उत्तराखण्ड)
ICAR-VIVEKANANDA PARVATIYA KRISHI ANUSANDHAN SANSTHAN, ALMORA - 263 601, UTTARAKHAND
फोन: (05962)-230060, 230208, फैक्स: (05962)-231539, ई–मेल: vpkas@nic.in, director.vpkas@icar.gov.in, वेबसाइट: www.vpkas.icar.gov.in

higher remuneration. It has enormous potential in the North Western and North Eastern hill regions of the country, which are popular tourist destinations. Farmers of these regions can cash in on the demand of sweet corn among the tourists as well as local consumers by making fresh sweet corn available at reasonable prices. Similarly, the growing demand for normal corn for use as raw material in feed and processing industry has opened up new avenues for farmers in the region. Two new hybrid varieties [VL Sweet Corn Hybrid 2 (FSCH 75) of sweet corn and Vivek Maize Hybrid 57 (FH 3754) of normal corn] developed by ICAR-VPKAS, Almora to widen the varietal options for farmers of these regions have been identified for the states of Jammu & Kashmir, Himachal Pradesh, Uttarakhand and NE Hills (Assam, Arunachal Pradesh, Nagaland, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Sikkim and Tripura) at the 61st Annual Maize Workshop held at CSK HPKV HAREC, Bajaura (7-9 April, 2018). Salient features of these varieties are as follows:

**VL Sweet Corn Hybrid 2 (FSCH 75)** is a high yielding single-cross sweet corn hybrid with an average yield of 10,347 kg/ha in Zone I, registering yield superiority of 41.6 per cent over the check Madhuri (7,309 kg/ha) in All India Coordinated Trials during 2015-17. The harvestable maturity (green cob) of the hybrid is 75-77 days in mid-hills. It is moderately resistant to *turcicum* and *maydis* leaf blight, banded leaf & sheath blight and curvularia leaf spot. TSS of the hybrid is 14.5-15.3%.


**Vivek Maize Hybrid 57 (FH 3754)** is a high yielding single-cross normal corn hybrid with an average yield of 6,766 kg/ha in Zone I, registering yield superiority of 13.5 per cent over the check PMH 5 (5,962 kg/ha) in All India Coordinated Trials during 2015-17. Maturity of the hybrid is 95-100 days in mid-hills. It has yellow flint and bold grains (test-weight 280g) and is moderately resistant to *turcicum* and *maydis* leaf blight.

है। देश के उत्तर–पश्चिमी व उत्तर–पूर्वी क्षेत्रों में, जहाँ वर्षभर पर्यटकों की आवाजाही रहती है, स्वीटकॉर्न उत्पादन की अपार संभावनायें हैं। इन क्षेत्रों के कृषक पर्यटकों व स्थानीय उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर ताजा स्वीटकॉर्न उपलब्ध करा कर स्वीटकॉर्न की माँग का लाभ ले सकते हैं। इसी प्रकार, पशुआहार व प्रसंस्करण उद्योगों में मक्का का कच्चे माल के रूप में उपयोग हेतु बढ़ती माँग ने कृषको के लिये नये अवसर उपलब्ध किये हैं। इन क्षेत्रों में कृषकों के प्रजातीय चयन के विकल्पों को बढ़ाने हेतु भाकृअनुप–विपकृ अनुसं, अल्मोड़ा द्वारा विकसित दो नवीन मक्का संकर किस्मों {स्वीटकॉर्न की विवेक स्वीट कॉर्न हाइब्रिड 2 (एफ.एस.सी.एच. 75) व सामान्य मक्का की विवेक संकर मक्का 57 (एफ.एच. 3754)} की सी.एस.के.एच.पी.के.वी. एच.ए.आर.ई.सी., बजौरा में आयोजित 61वीं वार्षिक मक्का कार्यशाला (7–9 अप्रैल, 2018) में जम्मू व कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड (पर्वतीय क्षेत्र) व उत्तर–पूर्वी पर्वतीय राज्यों (असम, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैण्ड, सिक्किम व त्रिपुरा) हेतु पहचान की गयी। इन किस्मों के प्रमुख विशेषतायें इस प्रकार हैं :

**विवेक स्वीट कॉर्न हाइब्रिड 2 (एफ.एस.सी.एच. 75)** एक उच्च उपजशील मीठी मक्का की एकल–क्रास संकर किस्म है। इसने 2015–2017 के दौरान अखिल भारतीय समन्वित परीक्षणों में ज़ोन 1 में 10,347 किग्रा/है0 की औसत उपज दर्ज करते हुय तुलनीय किस्म माधुरी (7039 किग्रा/है0) से 41.6 प्रतिशत की श्रेष्ठता दर्शायी। इसकी तुड़ाई–योग्य परिपक्वता (हरा भुट्टा) मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में 75–77 दिन है। यह टर्सिकम व मेडिस पत्ती झुलसा, पट्टीदार पर्ण व पर्णभित्ती झुलसा तथा कर्वुलेरिया पर्ण चित्ती रोगों के लिये मध्यम प्रतिरोधी है। इसका टीएसएस 14.8–15.3 प्रतिशत है।

**विवक संकर मक्का 57 (एफ.एच. 3754)** सामान्य मक्का की एक उच्च उपजशील एकल–क्रास संकर किस्म है। इसने 2015–2017 के दौरान अखिल भारतीय समन्वित परीक्षणों में ज़ोन 1 में 6,766 किग्रा/है0 की औसत उपज दर्ज करते हुय तुलनीय किस्म पी.एम.एच. 5 (5,962 किग्रा/है0) से 13.5 प्रतिशत की श्रेष्ठता दर्शायी। मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में इसकी परिपक्वता 95–100 दिन है। इसके दाने पीले, चमकीले व बड़े (टैस्ट–वेट 280 ग्राम) हैं तथा यह टर्सिकम व मेडिस पर्ण झुलसा रोगों के लिये मध्यम प्रतिरोधी है।


VL Sweet Corn Hybrid 2


Vivek Maize Hybrid 57

## Research Achievements

## Incidence of *Tuta absoluta* in tomato in Uttarakhand

*Tuta absoluta* is one of the serious pests of tomato causing extensive damage in many countries. The larva, mine between the upper & lower epidermis of leaves and make irregular blotches. It also feeds on stem, buds, calyx and fruits. In fruits, they make pin holes and mine inside. It is reported in brinjal, potato, capsicum, datura, etc. Adults are small brown moth (5-7 mm) with silvery and black spots and reportedly lay 250 eggs. The pest was first reported in India in 2014. It was noticed during May 2018 in tomato grown under polyhouses (Bhagartola, Almora a MGMG village of ICAR- VPKAS). Owing to the importance of the pest, ADG (Plant Protection), ICAR, New Delhi was consulted and the survey and management of the pest was carried out under his guidance. The guidance of Director and scientists of ICAR-NBAIR, Bengaluru was also taken. Subsequently, pheromone traps and parasitoid, *Trichogramma achaea* were obtained from ICAR-NBAIR, Bengaluru for use against *T. obsoluta* in Uttarakhand.

A team of Director, ICAR-VPKAS along with scientists surveyed the village Bhagartola, Jageshwar on 29-05-18. Polyhouses where tomato was grown were surveyed and pest incidences of about 5-10% were noticed. The farmers of the area were made aware about the identification of the pest and the potential damage. Severely infested polyhouses were sprayed with the insecticide, chlorantraniliprole @ 0.3 ml/l.

A farmer from Dhari village of Nainital district called in the helpline service of the institute for pinworm damage. Immediately, the state government has conducted an awareness


## शोध उपलब्धियां

## उत्तराखंड में टमाटर में टूटा एब्सोलूटा का प्रकोप


*टूटा एब्सोलूटा* अनेक देशों में टमाटर के गंभीर कीटों में से एक है। इस कीट की सूंडी पत्तियों के बाह्य त्वचा के मध्य सुरंगें और अनियमित आकार के फफोले बनाती है। यह तनों, फलियों, बाह्य दल पुंज और फलों को खाती है। फलों के अंदर ये पिन के आकार का छिद्र व सुरंग बना देती है। इस कीट का आक्रमण बैगन, आलू, शिमलामिर्च, धतूरा आदि में भी पाया गया है। वयस्क, छोटे भूरे रंग का पतंगा (5–7 मिली.) होता है एवं इनके पंखो पर सिल्वर एवं काले धब्बे पाये जाते हैं तथा ये 250 अंडे देते हैं। भारत में इस कीट को सर्वप्रथम 2014 में देखा गया। उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में 2018 के दौरान भाकृअनुप–वि0प0कृ0अनु0संस्थान द्वारा मेरा गांव मेरा गौरव के अन्तर्गत अंगीकृत गाँव भगरतोला, अल्मोड़ा के पॉलीहाउस में उगाये गये टमाटर में इस कीट का प्रकोप देखा गया। इस कीट के महत्व को देखते हुए सहायक महानिदेशक (पौध सुरक्षा), भाकृअनुप, नई दिल्ली से परामर्श लिया गया एवं इस कीट का सर्वेक्षण और प्रबन्धन उनके मार्गदर्शन में किया गया। भाकृअनुप–राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बंगलूरू के निदेशक और वैज्ञानिकों का भी मार्गदर्शन लिया गया। बाद में, इस संस्थान से गंधपास और पराजीविता, *ट्राईकोग्रामा एकिया* प्राप्त कर उत्तराखण्ड में *टूटा एब्सोलूटा* के विरूद्ध प्रयोग किया गया।

भाकृअनुप–वि0प0कृ0अनु0संस्थान के निदेशक सहित वैज्ञानिकों द्वारा भगरतोला, जागेश्वर गॉव में दिनांक 28–05–2018 को इस कीट का सर्वेक्षण और प्रबन्धन किया गया। सर्वेक्षण के दौरान पॉलीहाउस में उगाई जाने वाले टमाटर में 5–10 प्रतिशत तक प्रकोप दर्ज किया गया। इस कीट की पहचान एवं इससे होने वाली आर्थिक क्षति एवं पहचान के विषय में किसानों को जागरूक किया गया। कीट से संक्रमित पॉलीहाउस में कीटनाशी क्लोरान्ट्रानीलीप्रोल 0.3 मिली0 / ली0 की दर से छिड़काव किया गया।


नैनीताल जिले के धारी गाँव से संस्थान की हैल्प लाईन सेवा में एक किसान से पिन वर्म के संक्रमण के बारे में कॉल प्राप्त हुआ। नैनीताल जिला की सुनकिया गाँव में राज्य कृषि विभाग के द्वारा किसानों के मध्य दिनांक



Syntoms of *T. absoluta* in Tomato leaf



A team of experts monitoring infestation of *T. absoluta*




ICAR-VPKAS Scientists and Agriculture Officers meet at Almora

programme in Sunkiya, Dhari of district Nainital on May 31, 2018. Scientists from ICAR-VPKAS participated in the meeting, followed by a survey for pest incidence in Dhari and Ramgarh Block of Nainital district. The polyhouse grown tomato was affected by *T. absoluta* in Dhari block but not the Ramgarh block (higher altitude).

ICAR-VPKAS, Almora also conducted an awareness programme and scientist – state agriculture officials meet at Almora campus exclusively on *T. absoluta* on June 02, 2018. A detailed presentation was made on the pest and its management measures. Survey was also conducted by the KVKs at Bageshwar and Uttarkashi districts. Both the KVKs are conducting awareness meetings during their routine visits and apprising the state functionaries.

31–05–2018 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाकृअनुप–वि0प0कृ0अनु0संस्थान के वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता की। इस कार्यक्रम के समापन के उपरांत धारी और रामगढ़ ब्लाक में इस कीट के प्रकोप का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान धारी ब्लाक के पॉलीहाउस में *टूटा एब्सोलूटा* का प्रकोप पाया गया जबकि उच्च ऊँचाई वाला क्षेत्र रामगढ़ ब्लाक इस से कीट मुक्त पाया गया।

भाकृअनुप–वि0प0कृ0अनु0संस्थान, अल्मोड़ा द्वारा दिनांक 02.06.2018 को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें टूटा एब्सोलूटा के सम्बन्ध में वैज्ञानिक एवं राज्य कृषि कर्मचारियों के मध्य वार्ता हुई। इस कीट से होने वाले क्षति एवं प्रबन्धन के उपायों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। संस्थान के कृषि विज्ञान केन्द्रों, काफलीगैर, बागेश्वर एवं उत्तरकाशी में इसका सर्वेक्षण किया गया। दोनों जिलों के कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा दैनिक भ्रमण के माध्यम से राज्य कृषि कर्मचारियों को इस कीट के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## New Intervention

KVK-Bageshwar has introduced three crop cropping system annually in place of existing two crop cropping system. Toria (Ts 67), an oilseed crop was taken between Horsegram/ Barnyard millet and wheat. As a result 44 percent increase in net income was recorded as compared to paddy/soybean and lentil/wheat cropping system. This is a preliminary observation and further study is going on to establish a sustainable and profitable cropping system.

## नवीन पहल

कृषि विज्ञान केन्द्र बागेश्वर ने प्रचलित दो फसल प्रणाली के स्थान पर तीन फसल प्रणाली शुरू की है। तोरिया (टी एस 67) एक तिलहनी फसल को गहत / मादिरा एवं गेहूं के बीच लिया गया। परिणामस्वरूप धान / सोयाबीन एवं मसूर / गेहूं फसल प्रणाली की तुलना में कुल आय में 44 प्रतिशत की वृद्धि आंकी गयी। यह प्रारंभिक पर्यवेक्षण है और एक सतत एवं लाभदायक फसल प्रणाली स्थापित करने के लिए अध्ययन चल रहा है।



A team of experts monitoring Ts 67 toria at KVK Bageshwar



Ts 67 toria at flowering stage

## Activities of Krishi Vigyan Kendras

Training programmes on different aspects of hill agriculture were organized at KVK Uttarkashi and Bageshwar for the farmers of respective districts. Apart from this, extension of improved technologies as front line demonstrations were also done at farmers field by KVKs.

## कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियाँ

कृषि विज्ञान केन्द्र उत्तरकाशी एवं बागेश्वर द्वारा किसानों हेतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत किसानों को कृषि के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कृषि की उन्नत तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने हेतु इन केन्द्रों द्वारा अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन भी किये गये।

## Activities / गतिविधियां

Trainings / प्रशिक्षण

FLDs / अग्रिम पंक्तिप्रर्दशन

Seed Production / बीज उत्पादन

**Activities / गतिविधियां**

Trainings / प्रशिक्षण

FLDs / अग्रिम पंक्तिप्रर्दशन

## KVK, Chinyalisaur (Uttarkashi) / कृषि विज्ञान केन्द्र चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)

29 (812 beneficiaries) / 29 (812 लाभार्थी)

42 ha (721 beneficiaries) / 42 है. (721 लाभार्थी)

18 q. seed & 1,38,350 seedlings /18 कु. बीज एवं 1,38,350 पौध

**KVK, Kafligair (Bageshwar) / कृषि विज्ञान केन्द्र काफलीगैर (बागेश्वर)**

13 (323 beneficiaries) + 3 sponsored training/ exposure visit including one state level training (122 beneficiaries) /13 (323 लाभार्थी) +

52.07 ha (1736 beneficiaries) Besides, 600 chicks were distributed for backyard poultry farming / 52.07 है. (1736 लाभार्थी)



Field Day on Vegetable Pea by KVK, Uttarkashi



PPVFR Workshop at KVK, Uttarkashi




KVK Bageshwar got 2nd position in Krishi Vikas Pradarshini



KVK Bageshwar got 3rd position in Krishi Pradarshini



Farmers interaction with Dr Rajveer Singh, Director ATARI zone-I




Extension functionaries training at KVK, Kafligair

## Other Activities

- The Institute contingent participated in the ICAR Inter-Zonal Sports Tournament – 2017 held at ICAR–National Academy of Agricultural Research Management, Hyderabad from February 21 – 25, 2018 and bagged 5 medals (1 Gold, 3 Silver and 1 Bronze) in different events. Ms. Usha Birdi won gold medal in chess (women). Miss Manisha Arya won silver medals in 200 m race and single's badminton while Dr. Vijay Singh Meena won bronze medal in Javellin throw. The silver medal of women's double badminton was won by Miss Manisha Arya and Usha Birdi.




Miss Manisha with prize

## अन्य गतिविधियाँ

- भाकृअनुप–विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा एवं इसके कृषि विज्ञान केन्द के तीन कर्मचारियों ने भाकृअनुप–राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी, हैदराबाद में 21 से 25 फरवरी 2018 को आयोजित हुई भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अन्तर–क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता–2017 में भाग लेते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में 1 स्वर्ण, 3 रजत एवं 1 कांस्य सहित कुल 5 पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया है। कु. उषा बिर्दी शतरंज में स्वर्ण जीतकर भाकृअनुप की शतरंज की महिला चैंपियन बनी। कु. मनीषा आर्या ने 200 मीटर दौड़ एवं महिला एकल बैडमिन्टन में रजत पदक जीते। टीम के सी.डी. एम. एवं मैनेजर डा. विजय सिंह मीणा ने भाला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त किया। कु. मनीषा आर्या व कु. उषा बिर्दी की जोड़ी ने महिला डबल बैडमिन्टन का रजत पदक भी अपने नाम किया।




Women badminton team receiving prize

### Committee of Parliament of Official Language inspected the work of Rajbhasha of the Institute

Second subcommittee of Committee of Parliament on Official Language inspected the work of Official Language of this Institute on June 12, 2018 at Nainital. First of all the Committee visited the stall of Institute publication and books exhibited in the committee room and Dr. Arunav Pattanayak, Director of the Institute appraised the Hon'ble members about the Institute publication. Institute exhibition was appreciated by the Hon'ble Committee. Starting the meeting Dr. Satendra Singh, Senior Research Officer of the committee secretariat appraised about the committee and its functioning. Dr. Arunav Pattanayak, Director of the Institute welcomed the Hon'ble members of the committee and assured that follow up action and compliance on the suggestion of the committee will be taken up on priority.

In the meeting Dr. Devendra Kumar Yadav, Assistant Director General (Seed) Mrs. Seema Chopra, Director (Official Language)

### संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा संस्थान में राजभाषा हिन्दी के कार्य का निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा दिनांक 12.06.2018 को नैनीताल में भाकृअनुप– विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा के राजभाषा कार्य का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम समिति द्वारा सभाकक्ष में संस्थान द्वारा प्रकाशित हिन्दी प्रकाशनों एवं पुस्तकों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा निदेशक डॉ0 अरूणव पट्टनायक द्वारा संस्थान के प्रकाशनों की जानकारी माननीय समिति को दी गयी। संस्थान की इस प्रदर्शनी को समिति द्वारा सराहा गया। बैठक का शुभारम्भ करते हुए समिति सचिवालय के वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी डॉ0 सत्येन्द्र सिंह ने समिति के बारे में जानकारी दी। इसके उपरान्त संस्थान के निदेशक द्वारा संसदीय राजभाषा समिति का स्वागत किया गया तथा संस्थान के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस निरीक्षण के उपरान्त माननीय समिति जो भी सुझाए देगी उसका संस्थान द्वारा पूर्णतः पालन किया जायेगा।

इस निरीक्षण में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से डॉ0 देवेन्द्र कुमार यादव, सहायक महानिदेशक (बीज), श्रीमती सीमा चोपड़ा, निदेशक (राजभाषा),

and Mr. Manoj Kumar, Asstt. Chief Technical Officer (OL) represented the ICAR and Dr. Arunav Pattanayak, Director, Dr. Brij Mohan Pandey, Principal Scientist, Sh. Hajari Lal Meena, Administrative Officer and Mr. Tej Bahadur Pal, Asstt. Chief Technical Officer (OL) represented the Institute on this occasion 21st edition (Part-2 July to December 2017) of Institute News letter *'Parvatiya Krishi Darpan'* was released by the Hon'ble convener of the committee Dr. Prasanana Kumar Patsani (Member of Lok Sabha). At the end Dr. Devendra Kumar Yadav ADG (Seed) Presented the vote of thanks.




Release of ICAR-VPKAS Newsletter by Committee of Parliament on Official Language

- The monitoring of field experiments conducted in *rabi 2017-18* was done on March 17, 2018. All the scientists participated and monitored the experiments. The progress was reviewed by the Director.
- *Kisan Mela* was organized at the Experimental Farm, Hawalbag on March 23, 2018 with great enthusiasm. Smt. Iva Ashish Shrivastava, District Magistrate, Almora, was the Chief Guest of the function. On the occasion, Chief Guest released the *Krishi Calendar* and leaflets and two maize varieties VL 55 and Central Maize VL Baby Corn 2 were lunched for farmers. More than 500 farmers participated in the *Kisan Mela*.



Release of extension leaflets by Chief Guest

श्री मनोज कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) एवं संस्थान की ओर से डॉ0 अरूणव पट्टनायक, निदेशक, डॉ0 बृज मोहन पाण्डेय, प्रधान वैज्ञानिक, श्री तेज बहादुर पाल, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा), श्री हजारी लाल मीणा, प्रशासनिक अधिकारी ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित द्विभाषी समाचार पत्रिाका "पर्वतीय कृषि दर्पण के 21 वें अंक (भाग 2 जुलाई– दिसम्बर, 2017)" का विमोचन समिति के संयोजन डॉ0 प्रसन्न कुमार पाटसाणी जी द्वारा किया गया। अंत में सहायक महानिदेशक (बीज) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने धन्यवाद प्रस्ताव किया।




Official language meeting

- रबी 2017–18 के दौरान किये गये प्रयोगों का प्रक्षेत्र निरीक्षण मार्च 17, 2018 को किया गया। सभी वैज्ञानिकों ने इसमें भागीदारी की एवं प्रयोगों का निरीक्षण किया। निदेशक महोदय द्वारा प्रगति की समीक्षा की गयी।
- किसान मेले का आयोजन मार्च 23, 2018 को प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र हवालबाग में अत्यन्त उल्लास के साथ किया गया। श्रीमती इवा आशीष, जिलाधिकारी, अल्मोड़ा इस समारोह की मुख्य अतिथि थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कृषि कलेण्डर एवं प्रसार प्रपत्रों का विमोचन किया गया तथा मक्का की दो प्रजातियों वीएल 55 एवं केन्द्रीय मक्का वीएल बेबीकॉर्न 2 को कृषकों हेतु लोकार्पित किया गया। किसान मेले में 500 से अधिक कृषकों ने भागीदारी की।



Demonstration of farm implements

- Swami Vivekananda birth anniversary was celebrated as National Youth Day at the institute on January 12, 2018.
- The institute tableau got first prize during Republic Day parade at Almora.
- The XXI Research Advisory Committee (RAC) meeting of VPKAS, Almora was held on February 26-27, 2018 under the Chairmanship of Dr. K.R. Dhiman, Ex. Vice Chancellor, Dr. Y.S. Parmar University of Horticulture & Forestry, Nauni, Solan.




RAC meeting

- Farmer's participatory varietal selection program was held on April 26, 2018 for 8 farmers of Dhauladevi, Hawalbagh, district Almora.
- The second meeting on Technology Exchange and Joint Research between ICAR Institutes of hill region was held on May 17, 2018 at ICAR-VPKAS, Almora



2nd meeting on Technology Exchange and Joint Research between ICAR Institutes of hill region

- MoA for production and sale of White grub beetle trap - 1 was signed between ICAR-VPKAS, Almora and M/s Doon Trunk House, Jakhan Devi, Almora on May 4, 2018.

- संस्थान में स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस 12 जनवरी, 2018 को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया।
- गणतंत्र दिवस की परेड में संस्थान की झांकी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया
- संस्थान की अनुसंधान सलाहकार समिति की 21वीं बैठक का आयोजन डा. वाई एस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. के.आर. धीमन के अध्यक्षता में फरवरी 26–27, 2018 को किया गया।



Field Visit of RAC members

- कृषक सहभागिता प्रजाति चयन कार्यक्रम का आयोजन अप्रैल 26, 2018 को धौलादेवी, हवालबाग, जिला अल्मोड़ा के 8 कृषकों हेतु किया गया।
- पर्वतीय क्षेत्र में स्थित भाकृअनुप के संस्थानों के बीच तकनीकी विनिमय एवं संयुक्त अनुसंधान की द्वितीय बैठक का आयोजन मई 17, 2018 को भाकृअनुप–वि.प.कृ.अनु.सं., अल्मोड़ा में किया गया।




MoA for production and sale of White grub beetle trap - 1

- व्हाइट ग्रब बीटल ट्रैप–1 के उत्पादन एवं बिक्री हेतु भाकृअनुप–वि.प.कृ.अनु.सं., अल्मोड़ा एवं मै. दून ट्रंक हाउस, जाखनदेवी, अल्मोड़ा के बीच मई 4, 2018 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

- The meeting of Institute Research Council (IRC) for *Kharif* 2018 was held on June 5, 2018 under the Chairmanship of the Director, ICAR-VPKAS, Almora.
- Institute and its KVKs celebrated world environment day on June 5, 2018. On the occasion plantation was done.
- MoA for production and sale of VL *Shyahi Hal* was signed between ICAR-VPKAS, Almora and Nav Srajan Bahudeshiya Swayatt Sahkarita, Shitlakhet, Almora on June 8, 2018.
- MoU has been signed between ICAR-VPKAS, Almora and Kumaon University, Nainital for preparation of common research programs under joint supervision with Zoology faculty of Kumaon University and scientists of ICAR-VPKAS, Almora.
- The arrangement for viewing the live telecast of the Hon'ble Prime Minister's Interaction with farmers on June 20, 2018 was made at ICAR-VPKAS, Almora, its Experimental Farm, Hawalbag, its KVKs at Uttarkashi and Bageshwar. More than 300 farmers, staff and other official viewed the speech of Hon'ble PM.

- खरीफ 2018 के लिए संस्थान शोध समिति की बैठक का आयोजन निदेशक, भाकृअनुप–वि.प.कृ.अनु.सं., अल्मोड़ा की अध्यक्षता में प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र, हवालबाग में जून 5, 2018 को किया गया।
- संस्थान एवं इसके कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा जून 5, 2018 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पौधा रौपण किया गया।
- वी एल स्याही हल के उत्पादन एवं बिक्री हेतु भाकृअनुप–वि.प.कृ. अनु.सं., अल्मोड़ा एवं नव सृजन बहुद्देशीय स्वायत सहकारिता, शीतलाखेत के बीच जून 8, 2018 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।
- कुमाऊं विश्वविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग एवं भाकृअनुप–वि.प.कृ. अनु.सं., अल्मोड़ा के वैज्ञानिकों के संयुक्त पर्यवेक्षण के अन्तर्गत सामान्य शोध कार्यक्रम तैयार करने हेतु भाकृअनुप–वि.प.कृ.अनु.सं., अल्मोड़ा एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।
- माननीय प्रधानमंत्री एवं कृषकों के मध्य वार्तालाप के सीधे प्रसारण को देखने की व्यवस्था भाकृअनुप–वि.प.कृ.अनु.सं., अल्मोड़ा, इसके प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र हवालबाग तथा इसके उत्तरकाशी एवं बागेश्वर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में 20 जून, 2018 को की गयी। 300 से अधिक कृषकों, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों ने माननीय प्रधानमंत्री के भाषण को सुना।



Participants at Almora Campus of ICAR-VPKAS



Participants at Hawalbag Campus



Farmers at KVK, Uttarkashi viewing PM's Live Programme



Farmers at KVK Bageshwar viewing PM's Live interaction with farmers

- International Day of Yoga was successfully organized in the morning on June 21, 2018 at ICAR-VPKAS Headquarter, Almora, its Experimental Farm at Hawalbagh and its KVKs at Chinyalisaur and Bageshwar.




International Yoga Day at Almora

## Training Programmes

- A three days training and skill up-gradation programme on Seed Production for hill farmwomen was organized during March 5-7, 2018 at the institute. Twenty seven farmwomen belonging to nine villages of Chaukhutiya block of Almora district participated in the training programme.
- A five days skill and enterpreneurship development training programme on *Parvatiya Phasalaon ka Beejotpadan avam Krishigat Udhyam* was organized during March 8-12, 2018 at the institute under TSP. In this programme, 28 farmers from Lahaul Spiti, Himachal Pradesh participated.
- One day training program on "*Parwatiya Krishakon ka beej utpadan mein kaushal vikas*" for hill farmwomen was organized during March 20, 2018 at the institute. Ten farmers belonging to Chaukhutiya block of Almora district participated in the training programme.
- One day PPVFRA training cum-awareness workshop was organised for farmers and stakeholder on March 22, 2018.
- A three day training and skill up-gradation programme on "*Janjatiya Krishakon ka beej utpadan mein kaushal vikas*" for formers was organized during March 21-23, 2018 at the institute under TSP and benefited twenty eight farmers of Jhankat, block Setarganj of U. S. Nagar distirct.
- One day training program on "*Paudh kism evam Krishak Adhikar sanrakshan pradhikaran*" for hill farmwomen was

- आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित कॉमन योग प्रोटोकाल के अनुसार संस्थान के अल्मोड़ा मुख्यालय अल्मोड़ा, प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र, हवालबाग एवं इसके चिन्यालीसौड़ एवं बागेश्वर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में 21 जून, 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।



International Yoga Day at Hawalbagh

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

- संस्थान में पर्वतीय महिला कृषकों हेतु बीज उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं कौशल उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन मार्च 5–7, 2018 तक किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया ब्लॉक के नौ गावों की लगभग सत्ताईस महिला कृषकों ने भागीदारी की।
- जनजातीय उपयोजना के अन्तर्गत संस्थान में पर्वतीय फसलों का बीजोत्पादन एवं कृषिगत उद्यम नामक विषय पर एक पांच दिवसीय कौशल एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मार्च 8–12, 2018 तक किया गया। इस कार्यक्रम में लाहौल स्पीति, हिमाचल प्रदेश के 28 कृषकों ने भागीदारी की।
- पर्वतीय कृषक महिलाओं हेतु पर्वतीय कृषकों का बीज उत्पादन में कौशल विकास नामक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान में मार्च 20, 2018 को किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया ब्लॉक की 10 कृषकों ने भागीदारी की।
- कृषकों एवं उद्यमियों हेतु एक दिवसीय पौध किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण प्रशिक्षण–सह–जागरूकता कार्यशाला का आयोजन मार्च 22, 2018 को किया गया।
- जनजातीय उपयोजना के अन्तर्गत संस्थान में जनजातीय कृषकों का बीज उत्पादन में कौशल विकास पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं कौशल उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन मार्च 21–23, 2018 तक किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में झनकट ब्लॉक सितारगंज, जिला उधम सिंह नगर के अट्ठाईस कृषक लाभांवित हुए।
- संस्थान में पर्वतीय कृषक महिलाओं हेतु पौध किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

organized during March 22, 2018 at the institute. About 100 farmers belonging to block Hawalbagh, Dwarahat & Ranikhet of Almora district participated in the training programme.

- A three day training and skill up-gradation programme programme on "*Unnat Krishi Utpadan Takniki Dwara Aay men Vridhi*" for farmers was organized during March 23-25, 2018 at the institute and forthy three farmers belonging to Pithoragarh distirct were benefited.
- A two day training and skill up-gradation programme under *Uttarakhand Van Sansadhan Prabandhan Pariyojna* for farmers was organized during March 27-28, 2018 at the institute for the benefit of thirty farmers belonging to Garsain, Dwarahat, Tarikhet block.
- A two day training and skill up-gradation programme on Vegetables and other crops for farmers was organized during March 30-31, 2018 at the institute. Twenty three farmers belonging to Pati, Barakot, Champawat participated in the training programme.
- A three days training program on *Kharif Fasalon ki Unnat Utpadan Takniken* under ATMA Project, *Pauri Garhawal* was held for 30 farmers of Jaharikhal, Rikharikhal, Dugadda, District.- Pauri Ghadhawal during May 7-9, 2018.
- An exposure visit for 35 IFS officers, ATI, Nainital was conducted on May 9, 2018.
- A summer training programme for 30 students of B.Sc. (Ag.) of Banaras Hindu University, Varanasi was conducted during May 15-18, 2018.

मार्च 22, 2018 को किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अल्मोड़ा के हवालबाग, द्वाराहाट एवं रानीखेत के 100 कृषकों ने भागीदारी की।

- कृषकों हेतु उन्नत कृषि उत्पादन तकनीकी द्वारा आय में वृद्धि विषय पर एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं कौशल उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन मार्च 23–25, 2018 तक किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पिथौरागढ़ जिले के तैंतालिस कृषक लाभांवित हुए।
- उत्तराखण्ड वन संसाधन प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत कृषकों हेतु एक दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं कौशल उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन मार्च 27–28, 2018 तक गैरसैण, द्वाराहाट, तारीखेत ब्लॉक के तीस कृषकों कोइ लाभांवित करने हेतु किया गया।
- कृषकों हेतु सब्जी एवं अन्य फसलों पर एक दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं कौशल उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन मार्च 30–31, 2018 तक किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पाटी, बाराकोट, चम्पावत के तेईस कृषकों ने भागीदारी की।
- आत्मा परियोजना के अन्तर्गत पौढी गढ़वाल जिले के जहारीखाल, रिखारीखाल एवं दुगड्डा के 30 कृषकों हेतु खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकें विषय पर एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मई 7–9, 2018 तक किया गया।
- भारतीय वन सेवा, एटीआई, नैनीताल के 35 अधिकारियों हेतु एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन मई 9, 2018 को किया गया।
- बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी के बी.एससी. (कृषि) के 30 विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मई 15–18, 2018 तक किया गया।

## Human Resource Development

- Mr. Charu Chandra Joshi, PA attanded training on Ehhancing Efficiency and Behavioural Skills for Stenographers Gr. III, PAs, PSs and PPs during January 5-11, 2018 at ICAR-NBSS&LUP Regional Centre, Kolkata.
- Dr. R.K. Khulbe, Sr. Scientist attended training programme on Manageing Innovation and Technology for Competetiveness during January 22-February 2, 2018 at ASCI, Hyderabad.
- Dr. Venkatesan, M., Scientist attended 21 days training programme on Bio-pesticides for crop protection and improvement: Emerging technology to benefit farmers during February 2-22, 2018 at GBPUA&T, Pantnagar.

## मानव संसाधन विकास

- श्री चारू चन्द्र जोशी, वयैक्तिक सहायक, ने आईसीएआर–एन.बी.एस.एस. एवं एल.यू.पी. में जनवरी 5–11, 2018 तक आशुलिपिक ग्रेड III, पीए, पीएस एवं पीपी के लिए आयोजित दक्षता और व्यवहार कुशलता में वृद्धि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी की।
- डा. आर.के. खुल्बे, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने एएससीआई, हैदराबाद में जनवरी 22 से फरवरी 2, 2018 तक आयोजित प्रतिस्पर्धात्मतक के लिए अभिनव एवं प्रौद्योगिकी प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी की।
- डा. वैंकटेशन एम., वैज्ञानिक ने गो.ब.प. कृ.एवं प्रौ.वि., पंतनगर में फरवरी 2–22, 2018 तक आयोजित फसल संरक्षण और सुधार के लिए जैव कीटनाशक: कृषकों को लाभ पहुंचाने हेतु उभरती तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी की।

- Drs. N.K. Hedau, Pr. Scientist and Chaudhari Ganesh Vasudeo, Scientist attended ICAR sponsored 21 days winter school programme on Molecular breeding for higher productivity, quality, food colorants, nutraceutical and bioactive health compounds in vegetable crops during February 13 to March 5, 2018 at ICAR-IARI, New Delhi.
- Dr. K.K. Mishra, Pr. Scientist attended training program on Management of Plant Genetics Resources during March 6-19, 2018 at ICAR-NBPGR, New Delhi.
- Mr. T.B. Pal, ACTO attended National Workshop and training on *Bhartiya Krishi Anusandhan Parishad mein Rajbhasha Prabandhan Avam Nayee Dishayen* during April 24-25, 2018 at CRIDA, Hyderabad.

## Retirement

- Mr. P.S. Mehra, Technical Officer on January 31, 2018
- Mr. Bachi Singh, Skilled Supporting Staff on January 31, 2018
- Mr. Shankar Lal Arya, Technical Officer on April 30, 2018

## Regularization

- Shri Bhagwan Ballabh, skilled Supporting Staff on 01.03.2017

## New Colleagues

- Shri B.C. Pandey, FAO on May 26, 2018

## Promotion

- Smt. Nidhi Singh, Prog. Asst. (Lab Technician) to T-5 *w.e.f.* 08.01.2018
- Shri Medni Pratap Singh, Farm Manager/T-5 w.e.f. 11.01.2018
- Shri Manoj Kumar, UDC to Assistant w.e.f. 13.04.2018
- Shri Abhinav Singh, LDC to UDC w.e.f. 13.04.2018

## Obituary

- Shri Bhawani Ram, Skilled Supporting Staff on 01.03.2018
- Shri Amar Singh Jeena, CLTS on May 09.05.2018


*Published by* : Dr. Arunava Pattanayak, Director, ICAR-V.P.K.A.S., Almora, Uttarakhand

*Compiled, Collated & Edited by* : Drs. J.K. Bisht, P.K. Mishra and Renu Sanwal

*Hindi Translation* : Shri T.B. Pal

*Printed at* : **Venus Printers and Publishers,** B-62/8, Naraiana Industrial Area, Phase II, New Delhi, Tel. : 45576780, Mobile : 9810089097


- डा. एन.के. हेडाउ, प्रधान वैज्ञानिक एवं चौधरी गणेश वासुदेव, वैज्ञानिक ने आईसीएआर– आई.ए.आर.आई., नई दिल्ली में फरवरी 13 से मार्च 5, 2018 तक सब्जी फसलों में उच्च उत्पादकता, गुणवत्ता, खाद्य रंग, न्यूट्रास्यूटिकल और बायोएक्टिव स्वास्थ यौगिकों के लिए आण्विक प्रजजन पर शीतकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी की।
- डा. के.के. मिश्रा, प्रधान वैज्ञानिक ने आईसीएआर– एन.बी.पी.जी.आर., नई दिल्ली में मार्च 6–19, 2018 तक पौध जैनेटिक संसाधन के प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी की।
- श्री टी.बी. पाल, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने क्रीडा, हैदराबाद में अप्रैल 24–25, 2018 तक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में राजभाषा प्रबंधन एवं नई दिशाएं नामक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी की।

## सेवानिवृत्त

- श्री पी.एस. मेहरा, तकनीकी अधिकारी, जनवरी 31, 2018।
- श्री बची सिंह कुशल सहायक वर्ग, जनवरी 31ए 2018।
- श्री शंकर लाल आर्या, तकनीकी अधिकारी, अप्रैल 30, 2018।

## नियमितीकरण

- श्री भगवान बल्लभ, कुशल सहायक वर्ग, मार्च 01, 2018।

## नये साथी

- श्री बी.सी. पाण्डे, वित्त एवं लेखाधिकारी, मई 26, 2018।

## पदोन्नति

- श्रीमती निधि सिंह, कार्यक्रम सहायक (प्रयोगशाला तकनीशियन) से टी 5, जनवरी 08, 2018।
- श्री मेदनी प्रताप सिंह, फार्म प्रबंधक से टी 5, जनवरी 11, 2018।
- श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ लिपिक से सहायक, अप्रैल 13, 2018।
- श्री अभिनव सिंह, कनिष्क लिपिक से वरिष्ठ लिपिक, अप्रैल 13, 2018।

## निधन

- श्री भवानी राम, कुशल सहायक वर्ग, मार्च 01, 2018।
- श्री अमर सिंह जीना, नैमित्तिक श्रमिक अस्थाई स्तर, मई 09, 2018


**प्रकाशक** : डॉ. अरूणव पट्टनायक, निदेशक, भाकृअनुप–वि.प.कृ.अनु.सं., अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड

**संकलन एवं सम्पादन** : डॉ. जे.के. बिष्ट, पी.के. मिश्रा एवं श्रीमती रेनू सनवाल

**हिन्दी अनुवाद** : श्री तेज बहादुर पाल

**वीनस प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स**, बी–62/8, नारायणा औद्योगिक क्षेत्र, फेस–II. नई दिल्ली, दूरभाषः 45576780 मोबाईलः 9810089097 से मुद्रित।